>

Title: Need to release Rajasthan's share of water, as per Ravi-Beas agreement and inclusion of a member from Rajasthan in the Board.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं एक बहुत महत्वपूर्ण विषय की ओर आपका ध्यान आकर्षित कर रहा हूं। राजस्थान को...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Manjunath, I have called your name but you were not there. Please do not disturb him now.

श्री गिरधारी लाल भार्गव : राजस्थान को विश्व का जो पानी मिलता है, जो उपलब्ध होता है, वह केवल एक या सवा परसेंट ही मिलता है। इसके बाद राजस्थान में रेगिस्तानी एरिया है, पहाड़ी एरिया है, मरुस्थलीय इलाका है और वर्षा पर ही सबसे ज्यादा निर्भर यह प्रान्त है।[R31]

13.00 hrs.

वर्तमान भूगोल के हिसाब से राजस्थान भारत का सबसे बड़ा प्रदेश है। मैं समझता हूं कि यूपी भी इससे छोटा है। आज भारत में राजस्थान सबसे बड़ा प्रदेश है।

महोदय, मेरा आपसे निवेदन है कि भारत सरकार ने रावी-व्यास समझौते के अंतर्गत 0.60 एफएम पानी राजस्थान को रावी नदी से देने का इकरार किया था, लेकिन वह पानी नहीं मिल पा रहा है। नहरें बन गयी हैं और पानी नहीं मिलने के कारण यह समस्या और भी गंभीर होती चली जा रही है। पंजाब के मुख्यमंत्री दोहरी बात करते हैं। कभी कहते हैं कि मैं पानी दे रहा हूं और कभी कहते हैं कि नहीं दे रहा हूं। मैं पंजाब के मुख्यमंत्री जी से भी निवेदन करना चाहूंगा कि वह भी राजस्थान पर दया करें। राजस्थान को जितना पानी मिलना आवश्यक है और जब हमारी नहरें बन गयी हैं, तो 0.60 एफएम पानी राजस्थान को मिलना बहुत जरूरी है। मान्यवर, मैं इसके साथ-साथ प्रार्थना करूंगा कि अभी तक एक सदस्य की भी नियुक्ति इस बोर्ड में नहीं हुयी है। मैं समझता हूं कि राजस्थान की मुख्यमंत्री बहन वसुंधरा जी, इस संबंध में काफी प्रयास कर चुकी हैं। कई बार जल विभाग के मंत्री जी से भी राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा जी द्वारा प्रार्थना की जा चुकी है।

मैं समझता हूं कि राजस्थान बहुत दुखी है। राजस्थान में कई जगह बाढ़ आयी है और कई जगह पानी नहीं पड़ा है। राजस्थान का जो वास्तविक हिस्सा है, जिसके बारे में कई बार विचार हो चुका है, यह सुप्रीम कोर्ट तक गया और सभी प्रकार की बातें हुयी, इसलिए इस बोर्ड में एक आदमी की नियुक्ति की जाए और राजस्थान का पानी का जो हक है, उसे 0.60 एफएम पानी की स्वीकृति मिले, तो राजस्थान की खेती ठीक प्रकार से हो सकेगी और राजस्थान बहबूद हो सकेगा। यही मेरी आपसे प्रार्थना है।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

अध्यक्ष महोदय : आपको जयपुर से कोई नहीं हटा सकता।

MR. SPEAKER: Yes, Mr. Kunnur. In future, please be on time.